C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com


अष्टम महागौरी



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:27 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:08 बजे


# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ


श्वेते वृषे समारूढा, श्वेताम्बरधरा शुचि।
महागौरी शुभंदद्यान्महादेवप्रमोददा।।



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 245 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 26 मार्च 2026

आठवें दिन मां महागौरी की.....पेज-4 पर

## व्यक्ति के बैग से दिनदहाड़े 1.50 लाख की नकदी चोरी, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला हल्द्वानी के मुख्य डाकघर से सामने आया है, जहां एक व्यक्ति के बैग से दिनदहाड़े 1.50 लाख की नकदी चोरी हो गई। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खुशाल सिंह बगड़वाल पुत्र बिशन सिंह, निवासी देवलचौड़ खाम, पोस्ट ऑफिस मानपुर पश्चिम, हल्द्वानी, 8 जनवरी को अपनी पुत्री के खाते में 1,50,000 जमा करने के लिए घर से



निकले थे। उन्होंने यह रकम भारतीय स्टेट बैंक की ट्रांसपोर्ट नगर शाखा से निकाली थी। इसके बाद वह हल्द्वानी के मुख्य डाकघर पहुंचे और पैसा जमा करने के लिए लाइन में खड़े हो गए। जब उनका नंबर आया और उन्होंने बैग खोलकर पैसे निकालने का प्रयास किया, तो वह स्तब्ध रह गए। बैग की चेन खुली हुई थी और अंदर रखी पूरी नकदी गायब थी।

घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी और एसएसपी को लिखित शिकायत सौंपते हुए अपनी रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद एक बार फिर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन दिनों पुलिस ने एक नया तरीका अपना लिया है, जिसमें किसी भी वारदात में पहले आरोपी को पकड़ने की कोशिश की जाती है और उसके बाद ही मुकदमा दर्ज किया जाता है। लोगों का कहना है कि इस ढुलमुल रवैये के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और शहर में चोरी की घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। आम जनता में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। घटना ऐसे स्थान पर हुई है जहां आमतौर पर भीड़ रहती है, इसके बावजूद चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। लोगों का कहना है कि डाकघर और बैंक जैसे संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त निगरानी और सुरक्षा इंतजाम होने चाहिए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी की पहचान कर उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## News कॉर्नर

### यमुनोत्री धाम: हिमस्खलन से मार्ग क्षतिग्रस्त

**चमोली।** यमुनोत्री धाम में हिमस्खलन से मंदिर के सामने घोड़ापड़ाव और अन्य टीनशेड एवलांच आने के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्तहैं। यहां कई फीट बर्फ जमा है। साथ ही भैरो घाटी में एवलांच आने के कारण कई जगहों पर मार्ग क्षतिग्रस्त होने के साथ ही बर्फ से पटा हुआ है। यमुनोत्री धाम में बीते दिनों हुई बर्फबारी के दौरान हिमस्खलन होने के कारण घोड़ापड़ाव सहित आसपास के टिनशेड सहित मंदिर को जोड़ने वाले मार्ग को नुकसान हुआ है। साथ ही भैरो घाटी में भी इस कारण पैदल मार्ग पूर्णत क्षतिग्रस्त हुआ है। साथ ही जगह-जगह विशालकाय पेड़ टूटे होने के कारण वहां पर अव्यवस्था बनी हुई है। लेकिन प्रशासन की ओर से इसके सुधारीकरण के लिए अभी तक कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

### सीएम धामी आज दिल्ली दौरे पर, पार्टी के शीर्ष नेताओं से करेंगे मुलाकात



**देहरादून।** कैबिनेट विस्तार और नए मंत्रियों को विभागों का बंटवारा करने के बाद आज बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नई दिल्ली जाएंगे। मुख्यमंत्री कई केंद्रीय मंत्रियों व पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे। हालांकि अभी सीएम का केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक का कार्यक्रम तय नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अप्रैल में उत्तराखंड का दौरा प्रस्तावित है। माना जा रहा है मुख्यमंत्री प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रधानमंत्री से मुलाकात कर सकते हैं। साथ ही सरकार के चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर राज्य के विकास में केंद्र सरकार के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त कर सकते हैं।

**ईरान ने कहा- जंग खत्म करने का फैसला खुद करेगा**

# अमेरिका के बाद अब ईरान ने रखी अपनी शर्तें

**नई दिल्ली**

एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष हर दिन और भी भयानक रूप ले रहा है। अमेरिका और इस्राइल के हमलों से क्षेत्र में हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं, वहीं ईरान भी खाड़ी देशों और अमेरिकी ठिकानों पर जबरदस्त पलटवार कर रहा है। मिसाइल और ड्रोन हमलों की गड़गड़ाहट के बीच यह संघर्ष अब चौथे हफ्ते में प्रवेश कर चुका है। इसी बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया कि अमेरिका एक विशाल बिजली उत्पादन संयंत्र को निशाना बनाने वाला था, लेकिन बातचीत को ध्यान में रखते हुए यह हमला टाल दिया गया।

होर्मुज जलडमरूमध्य में हालात गंभीर हो गए हैं, जहां करीब 2 हजार जहाज और 20 हजार नाविक फंसे हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के प्रमुख ने कहा कि यह स्थिति वैश्विक शिपिंग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। लंबे समय तक फंसे रहने से नाविकों पर मानसिक और शारीरिक दबाव बढ़ रहा है।



बीमा कंपनियां भी नुकसान का जोखिम उठाने से पीछे हट रही हैं, जिससे संकट और गहरा गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने राजनीतिक विरोधियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि रेडिकल लेफ्ट और डेमोक्रेट्स ईरान में अमेरिका और इस्राइल की सैन्य उपलब्धि को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि विरोधी देश में अंदरूनी अशांति पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने बड़ी जीत हासिल की है और जनता सच्चाई देख रही है।

### होर्मुज संकट के बीच भारत ने खरीदा ईरानी एलपीजी

होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट के बीच भारत ने वर्षों बाद ईरान से एलपीजी की पहली खेप खरीदी है। बताया जा रहा है कि यह कार्गो जल्द मंगलूरू पोर्ट पहुंचेगा और इसे इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम में बांटा जाएगा। भारत ने 2019 में प्रतिबंधों के कारण ईरान से तेल खरीद बंद कर दी थी। मौजूदा संकट के चलते ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखने के लिए यह कदम अहम माना जा रहा है।

## भव्य शोभायात्रा के मद्देनज़र ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

शहर में आयोजित होने वाली भव्य शोभायात्रा को लेकर प्रशासन ने विस्तृत रूट और ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। शोभायात्रा निर्धारित मार्ग से गुजरते हुए शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों से होकर निकलेगी, जिसके चलते यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किए गए हैं।

शोभायात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर निम्न मार्गों से होते हुए पुनः वहीं समाप्त होगी— रामलीला मैदान ओके होटल तिराहा रोडवेज नैनीताल बैंक एस डी एम कोर्ट तिराहा तिकोनिया चौराहा वर्कशॉप लाइन रोडवेज पूर्वी गेट भारद्वाज होटल तिराहा ताज चौराहा मीरा मार्ग सिंधी चौराहा सिटी चौराहा ओके होटल तिराहा रामलीला मैदान। ओके होटल तिराहा से तिकोनिया चौराहा तथा सिंधी चौराहा से ओके होटल तिराहा तक शोभायात्रा मुख्य मार्ग के दाहिनी ओर (विपरीत दिशा) संचालित होगी। शोभायात्रा के दौरान गैस, दूध, ईंधन आदि आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन भी मुख्य मार्ग के बजाय बाईपास मार्ग का ही उपयोग करेंगे। रामपुर, बरेली, कालाढूंगी रोड से आने वाली बसों को शोभायात्रा के दौरान टीपी नगर, होंडा शोरूम व लालडॉट तिराहा पर रोका जाएगा। पर्वतीय क्षेत्र से आने वाली बसों को नारीमन तिराहा से गौलापार रोड होते हुए डायवर्ट किया जाएगा।

शोभायात्रा की स्थिति के अनुसार बसों का आवागमन रोडवेज स्टेशन तक नियंत्रित किया जाएगा। इंटरसिटी बसें शोभायात्रा समाप्ति तक होंडा शोरूम तिराहा से संचालित होंगी। पर्वतीय क्षेत्र से मैदानी इलाकों की ओर जाने वाले वाहन नारीमन तिराहा से गौलापार रोड का उपयोग करेंगे। कालाढूंगी रोड जाने वाले वाहन कॉलटैक्स/हाइडिल तिराहा से पनचक्की मार्ग अपनाएंगे। काठगोदाम से शहर आने वाले वाहनों को विभिन्न तिराहों से डायवर्ट किया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान मुख्य बाजार क्षेत्र में कई स्थानों से वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। तिकोनिया, सिंधी, सिटी, कालाढूंगी, रोडवेज, एस डी एम तिराहा और गोलापुल से मुख्य बाजार क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। नैनीताल रोड पर कई स्थानों से वाहनों का प्रवेश शोभायात्रा के दौरान प्रतिबंधित रहेगा। स्टेडियम रोड/ओके होटल तिराहा से चलने वाले टैम्पो बर्फवाली गली/नगर निगम कट से संचालित होंगे। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आमजन से अपील की गई है कि वे निर्धारित डायवर्जन का पालन करें और अनावश्यक रूप से मुख्य मार्गों पर जाने से बचें।

## यूपी में आज बढ़ेगी बादलों की सक्रियता, बारिश के आसार

**लखनऊ**

एजेंसी

मौसम विभाग के अनुसार, मार्च महीने का आखिरी सप्ताह तापमान में काफी उतार-चढ़ाव वाला हो सकता है। बृहस्पतिवार से यूपी में तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

उत्तर प्रदेश के मौसम में बृहस्पतिवार से बदलाव के संकेत हैं। मौसम विभाग के अनुसार 26 मार्च से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके प्रभाव से बृहस्पतिवार देर शाम पश्चिमी यूपी में तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। शुक्रवार 27 मार्च को इसका असर पूर्वी यूपी तक पहुंचेगा। कुल मिलाकर मार्च का आखिरी सप्ताह बूंदाबांदी और तापमान में उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। बुधवार को प्रदेश में अधिकतम तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ा और कई जगह सामान्य से ऊपर दर्ज हुआ।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 27 मार्च को विक्षोभ के असर से पश्चिमी यूपी से बूंदाबांदी की शुरुआत होगी और इसका असर पूर्वी तक पहुंचेगा। वहीं 29 मार्च को सक्रिय हो रहे विक्षोभ की तीव्रता अधिक आंकी जा रही है। इसके असर से पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश होगी। साथ ही तापमान में दोबारा बड़ी गिरावट आएगी।

## लॉरी से टकराई बस, हादसे में 14 लोगों की मौत, कई जिंदा जले

**आंध्र प्रदेश**

एजेंसी

आंध्र प्रदेश में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। पुलिस ने जानकारी दी है कि हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बस और एक लॉरी में भिड़ंत हो गई, जिसकी वजह से बस में आग लगी। इस आग में कई लोगों की जलकर मौत हो गई।

आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले के रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना हो गई। इस हादसे में स्लैब खदानों के पास एक निजी ट्रैवल बस की टिपर लॉरी से टक्कर हो गई, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। आंध्र प्रदेश के



प्रकाशम जिले के रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना हो गई। इस हादसे में स्लैब खदानों के पास एक निजी ट्रैवल बस की टिपर लॉरी से टक्कर हो गई, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। डीएसपी राजू के अनुसार, आशंका है कि इस घटना में कई यात्री जिंदा जल गए हैं। उन्होंने बताया कि यह हादसा गुरुवार की सुबह हुआ। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि भीषण टक्कर की वजह से ही बस में आग लग गई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं, शवों की पहचान के लिए प्रयास जारी हैं।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया योजनाओं का निरीक्षण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विकास खंड के ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने बुधवार को बलाक के हैड़ियागांव, चकबहेड़ी तथा सलड़ी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान प्रमुख डा.बिष्ट ने मुख्य रूप से आपदा, पलायन,कृषि, लघु सिंचाई (ग्रामीण), मनरेगा और राज्य वित्त व क्षेत्र पंचायत निधि से जुड़े कार्यों का बारिकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डा.बिष्ट ने क्षेत्र के विकास और आगामी कार्ययोजनाओं को धरातल पर उतारने व उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया,कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। हैड़ियागांव में बलॉक प्रमुख डा.बिष्ट ने निर्माणाधीन चेकडाम, गुल, कृषि भूमि को जंगली जानवर की सुरक्षा से बचाव हेतु घेरबाड़ का निरीक्षण कर तय समय में कार्य पूर्ण करने को कहा। प्रमुख ने क्षेत्र के हेडियागांव विद्यालय, चेकबहेडी विद्यालय का निरीक्षण किया वहीं विद्यालय के बच्चों से उनकी शिक्षा की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ग्राम सलडी में आंगनबाड़ी, प्राथमिक व जूनियर स्कूलों व निर्माणाधीन पशु अस्पताल का निरीक्षण कर कार्य को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार, जया बोहरा, नीलम आर्य, बीडीसी देवेश कुमार, मोहित कुमार, अंकित आर्य, यशपाल आर्य,करन दनाई, कमल कुल्याल, बीडीओ हर्षित गर्ग, मोहन राम आर्य, लीलाधर आर्य, कृष्ण कुमार सहित अन्य ग्रामीण व विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### कूटा ने कैड़ा के कैबिनेट मंत्री बनने पर जताई खुशी

**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) भीमताल विधान सभा के विधायक राम सिंह कैड़ा के उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने पर खुशी जताई है। कूटा ने उन्होंने उन्हें बधाई भी दी हैं। इसके साथ ही कूटा ने डॉ. लज्जा भट्ट संस्कृत के प्रोफेसर बनने के साथ ही डॉ अशोक कुमार टूरिज्म के प्रोफेसर बनने, डॉ दीपा के भूगर्भ विज्ञान,डॉ. संतोष कुमार फिजिकल एजुकेशन, डॉ पूनम बिष्ट जर्नलिज्म, डॉ नीता आर्य संस्कृत के एसोसिएट प्रोफेसर तथा डॉ शशि पांडे हिंदी के वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर पदोन्नत होने पर उन्हें बधाई दी। कूटा की तरफ से प्रो. ललित तिवारी समेत सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने बधाई दी।

### स्वच्छता पर दी स्वयंसेवियों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति



**नैनीताल** । जिले के शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस में स्वयंसेवियों की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। इससे पूर्व प्रात:कालीन भ्रमण, ईश वंदना तथा योगाभयास के साथ दिवस की शुरुआत हुई। स्वयंसेवी छात्राओं द्वारा अभिग्रहीत ग्राम रोपा के ग्राम मार्ग की सफ ाई की तथा ग्रामियों के समक्ष स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी जिसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति उनको जागरूक करना था। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.विनय कुमार विद्यालंकार ने की, उनके द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा पर स्वयंसेवियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।संचालन डॉ तरुण कुमार आर्य ने किया। इस दौरान डॉ.जयति दीक्षित, डॉ.ईप्सिता सिंह,डॉ.निर्मला, कार्यक्रम अधिकारी ममता पांडे समेत स्वयंसेवी मौजूद रहे।

### मंगोली गांव में संपति विवाद में मारपीट का आरोप

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती मंगोली गांव में संपति को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने गांव के ही अन्य व्यक्ति पर उसकी जमीन पर जबरन कबजा करने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। बता दें मंगोली गांव निवासी शिवेंद्र बहल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह बुधवार सुबह मजदूरों के साथ अपनी भूमि की झाडि ़ां साफ करवा रहा था। इसी दौरान गांव का ही एक व्यक्ति वहां पहुंचा और जमीन को अपनी बताते हुए उसे वहां से जाने के लिए कहने लगा, विरोध करने पर उसने हमला कर दिया व सिर पर वार कर जान से मारने की कोशिश की गई। बचाव में हाथ आगे करने से गंभीर चोट से बचाव हो गया लेकिन हाथ, हथेली और पैर में चोटें आई हैं। मामले की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नैनीताल में नशेड़ियों पर पुलिस की पैनी नजर

**नैनीताल** । नैनीताल में नशे के खिलाफ पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। नगर के तल्लीताल क्षेत्र में बीते दिनों एक युवक के घर से स्मैक बरामद होने के बाद पुलिस पूरी तरह चौकन्नी हो गई है। बता दें जिले के पुलिस कप्तान डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर जिलेभर में नशे के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस टीमों द्वारा लगातार गश्त की जा रही है और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है। बीते दिनों तल्लीताल क्षेत्र में स्मैक के साथ युवक की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में पुलिस ने तलाशी बढ़ा दी है। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि क्षेत्र में नशे की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीमें संवेदनशील इलाकों में लगातार नजर बनाए हुए हैं और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं नशे से संबंधित गतिविधियां दिखाई दें तो तुरंत सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।



# कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड नैनीताल की 51वीं शाखा का शुभारंभ

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड नैनीताल की 51वीं शाखा का शुभारंभ बुधवार को गुरुद्वारा रोड, नानकमत्ता में विधिवत रूप से किया गया। शाखा का उद्घाटन बैंक अध्यक्ष विनय साह, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार जैन, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जोगिन्दर सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह बोपारा, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा तथा बलदेव सिंह हरियान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. प्रेम सिंह राणा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, जिसके साथ ही शाखा के व्यावसायिक कार्यों की औपचारिक शुरुआत हुई। इस अवसर पर बैंक के संचालक मण्डल के सदस्य गिरीश चन्द पाठक भी उपस्थित रहे।

बैंक अधिकारियों में सचिव संजय साह, क्षेत्रीय व्यवसाय विकास प्रमुख हरीश चन्द्र साह, शाखा प्रबंधक धीरज जोशी, दिनेश चन्द्र जोशी, राजेंद्र सिंह मेहरा, हरीश चन्द सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विविध धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण बना भक्तिमय

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भवाली में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया जिसकी वजह से वातावरण भकतिमय बना रहा। भवाली के साथ ही समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों काफी संखया में भक्तजन कथा का श्रवण करने के लिए हर रोज पहुंच रहे हैं।

धार्मिक अनुष्ठानों में मुखय यजमान नीलम मेहरा व बालम सिंह मेहरा, वसंती मेहरा तथा सगत सिंह रहे जबकि कथा के यजमान एवं प्रमोद सिंह क्षीरा रहे। इससे पूर्व प्रात: आचार्य उप व्यास कैलाश चंद्र पांडे व आचार्य कैलाश चंद्र जोशी, आचार्य नीरज पलड़िया,मोहन चन्द कपिल तथा दीपेश कपिल द्वारा नित्य पूजन, भगवती विग्रह पूजन,गणेश पूजन,पंचांग पूर्वांगादि पूजन तथा मन्दिर परिसर में समस्त देवी देवताओं का पूजन अर्चन किया गया। व्यास कैलाश चंद्र सुयाल द्वारा द्वापर युग में गौड़ भैरव तथा कलियुग में गोल्ज्यू के जन्म से लेकर राज्य प्राप्ति तक की गोल्ज्यू की कथा को श्रोताओं की मांग पर कुमाऊंनी भाषा में तथा जागर लय के साथ बहुत ही सुन्दर तरीके से सुनाया। इसके साथ ही उन्होंने देवी भागवत कथा के अनेक प्रसंगों को कई उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किया। कथा से पूर्व संगीत गायकों आचार्य उमा शंकर कपिल,नीरज सती, आचार्य पंकज जोशी के द्वारा देवी भजन,गोल्ज्यू के सुन्दर भजन तथा अनेक देवी भजनों का गायन किया गया जिसमें उपस्थित मातृशक्ति द्वारा भी उन भजनों को कर तल ध्वनि के साथ दोहराया गया।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अधिवक्ताओं को दी पोस्ट ऑफिस की पीआईएल योजना की जानकारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

प्रधान डाकघर नैनीताल की ओर से हाईकोर्ट सभागार में भारतीय डाकघर की सेविंग और अन्य योजनों की जानकारी के लिए बुधवा को शिविर आयोजित किया गया जिसमें अधिवक्ताओं की डाकघर की पीआईएल योजनाओं की जानकारी दी गई। बुधवार को हाईकार्ट में आयोजित शिविर में डाकघर के प्रधान डाकपाल इंद्रकुमार दास ने अधिवक्ताओं को डाकघर की पीआईएल पॉलिसी और सेविंग सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया डाक जीवन बीमा पीआईएल भारत सरकार की ओर से समर्थित एक सुरक्षित और कम प्रीमियम वाली बीमा योजना है जो उच्च बोनसए कर मुक्त परिपक्वता धारा 10 (10डी) और 80सी के तहत आयकर छूट प्रदान करती है। यह 1884 से चालू है और सरकारी कर्मचारियों, पेशेवरों और अब व्यापक श्रेणी के व्यक्तियों के लिए ऋण और सरेंडर जैसी सुविधाओं के साथ बेहतरीन रिटर्न सुनिश्चित करती है। इस दौरान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष अधिवक्ता दिनेश रावत समेत अधिवक्ता डा. महेंद्र पाल, हर्ष शर्मा,गजेंद्र सिंह पटवाल, पंकज पांडे, नीतीश त्यागी, दर्शन कैड़ा, मोहित कुमार, गोपाल मेहरा तथा प्रमोद ध्यानी आदि मौजूद रहे।



# बार एसोसिएशन नैनीताल चुनाव : 11 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला बार एसोसिएशन नैनीताल के चुनाव को लेकर बुधवार को नामंकन प्रक्रिया शुरू हो गयी। पहले दिन विभिन्न पदों के लिए कुल 11 प्रत्याशियों ने अपना नामंकन फ ार्म जमा कराया।

मुखय निर्वाचन अधिकारी राजेश चंदोला ने बताया कि अध्यक्ष पद पर हरिशंकर कंसल व अरुण बिष्ट ने दो-दो सेट में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए जबकि उपाध्यक्ष पद पर कमल चिलवाल व प्रमोद तिवाड़ी वहीं सचिव पद पर संजय सुयाल व अनिल बिष्ट ने दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किये। संयुक्त सचिव पद पर नीरज गोस्वामी ने अपना नामंकन पत्र भरा वही कार्यकरणी सदस्य पर प्रेमा आर्या, तारा आर्या, निर्मल कुमार तथा मोहममद बिलाल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बताया कि 27 मार्च शक्रवार को नामंकन पत्र जमा करने का अंतिम दिन है जिसके बाद 28 मार्च को नाम वापसी नामंकन प्रपत्रों की जांच व उसी दिन वोटर लिस्ट का प्रकाशन भी किया जाएगा। इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रमोद बहुगुणा, शंकर चौहान, मुकेश कुमार व शिवांशु जोशी मौजूद रहे।



**मतदान अब 30 के बजाय होगा 1 अप्रैल को**

जिला बार एसोसिएशन के मुखय निर्वाचन अधिकारी राजेश चंदोला ने बताया कि 27 मार्च (शुक्रवार) को प्रताप भैया सभागार में प्रात:11 बजे से आम सभा का आयोजन किया जाएगा वही जिला बार चुनाव की प्रस्तावित तिथि में भी संशोधन किया गया है। बताया कि 30 मार्च को राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के कारण चुनाव की तिथि में परिवर्तन किया गया है अब यह चुनाव एक मार्च (बुधवार) को संपन्न कराये जाएंगे।

# अभिमत

## प्रकृति की प्रतिक्रिया

***प्रतिक्रिया होने पर प्रकृति पर दोषारोपण किया जाता है। इस साल शीतकाल में बारिश नहीं होने से रबी की फसल की सिंचाई के लिए किसानों को अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ा। पर्वतीय क्षेत्र में हिमपात कम होने से बागवानों को क्षति हुई है। मार्च की शुरुआत में मई-जून जैसी गर्मी पड़ने लगी। मार्च के तीसरे सप्ताह में अचानक मौसम ने करवट बदली और आंधी, बारिश से रबी की लगभग तैयार फसल को भारी क्षति हुई है।***

मनुष्य अपनी सुविधा के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए आतुर रहता है। प्रकृति से खिलवाड़ करते समय दुष्परिणाम पर ध्यान नहीं दिया जाता है। प्रतिक्रिया होने पर प्रकृति पर दोषारोपण किया जाता है। इस साल शीतकाल में बारिश नहीं होने से रबी की फसल की सिंचाई के लिए किसानों को अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ा। पर्वतीय क्षेत्र में हिमपात कम होने से बागवानी को क्षति हुई है। मार्च की शुरुआत में मई-जून जैसी गर्मी पड़ने लगी। मार्च के तीसरे सप्ताह में अचानक मौसम ने करवट बदली और आंधी, बारिश से रबी की लगभग तैयार फसल को भारी क्षति हुई है। उत्तराखंड समेत कई राज्यों में आंधी की वजह से हुई दुर्घटनाओं में कई लोगों की मृत्यु हो गई। वैज्ञानिक बहुत पहले से जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों की चेतावनी देते आ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन से दिसंबर और जनवरी में कड़ाके की सर्दी उत्तर भारत में नहीं पड़ रही है। शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी भी जनवरी में नहीं होती है। मार्च में मौसम बिगड़ने पर सीधा असर फसल पर पड़ता है। फसल चक्र को बदलना मनुष्य के लिए संभव नहीं है। रबी की तैयार फसल को मौसम की मार झेलनी पड़ रही है। हिमपात में कमी का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग है। हिमालय के ग्लेशियर सिमट रहे हैं। हिमपात कम होने से पर्वतीय क्षेत्र के जल स्रोत रीचार्ज नहीं हो पाते हैं। मार्च में नदियों का जल स्तर कम हो गया। नदियों के उद्गम हिमालय के लोग जल संकट का सामना कर रहे हैं। ज्यादातर जल स्रोत सूख गये हैं। नदियों में जल स्तर गिरने से भाबर और तराई क्षेत्र में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। मानसून आने से पूर्व मई और जून में गर्मी चरम पर पहुंच जायेगी। गर्मी में जल की मांग और बढ़ जायेगी। भाबर और तराई की कई नदियां सूख गई हैं। उत्तराखंड में जल विद्युत परियोजनाओं में उत्पादन प्रभावित हो रहा है। मार्च में विद्युत कटौती शुरू हो गई है। राज्य सरकार ने केन्द्र से बिजली का कोटा आवंटित करने की गुहार लगाई है। उत्तराखंड में अंधाधुंध पेड़ कटने से पर्वतीय क्षेत्र में कूलर और एयरकंडीशन की जरूरत पड़ रही है, जबकि तीन दशक पूर्व पर्वतीय क्षेत्र में बिजली के पंखे तक नहीं होते थे। ग्लोबल वार्मिंग से जलवायु परिवर्तन में सुधार के लिए मनुष्य को सुविधाभोगी प्रवृत्ति को त्यागना होगा। भावी पीढ़ी के लिए प्राकृतिक संसाधनों को सहेज कर रखना वर्तमान में अत्याश्यक है।

# आफतः ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं पहुंच रही गैस

## सिलेंडर हेतु नैनीताल शहर की ओर रुख

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल में रसोई गैस की किल्लत अब खुलकर सामने आने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलिंडरों की होम डिलीवरी बाधित होने के कारण लोग मजबूर होकर सिलिंडर लेने हर रोज नैनीताल शहर पहुंच रहे हैं। इससे शहर में भी स्थिति बिगड़ती जा रही है और गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं।

बता दें बुधवार को सुबह से ही तल्लीताल धर्मशाला समेत शहर के विभिन्न वितरण केंद्रों पर उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सिलेंडर लेने पहुंचे लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ा। ग्रामीण इलाकों से आए लोगों का कहना है कि कई दिनों से गैस की आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिससे रोजमर्रा का काम प्रभावित हो रहा है। शहरवासियों को भी गैस संकट का सामना करना पड़ रहा है। मांग अधिक और आपूर्ति सीमित होने के चलते एजेंसियों पर दबाव बढ़ गया है। हालात ऐसे हैं कि सुबह से ही कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं जो देर शाम तक जारी रहती हैं। मामले में डीएम ललित मोहन रयाल ने बताया कि



नियमों के तहत सभी उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। बताया कि पूर्व में एक दिन गैस सिलेंडर कम आने के चलते व्यवस्था प्रभावित रही । बताया कि अब गैस सिलिंडरों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने उपभोक्ताओं से संयम बनाए रखने की अपील की है और आश्वस्त किया है कि आपूर्ति व्यवस्था को जल्द ही सुचारु करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## गैस की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ दर्ज होगी प्राथमिकी

**जसपुर।** डीएम के निर्देश पर एसडीएम राहुल शाह ने बुधवार को तहसीलदार दलीप सिंह और पूर्ति निरीक्षक को साथ लेकर भारत और इंडेन गैस एजेंसियों के गैस गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया। टीम को गोदाम परिसर में ही गैस सिलिंडरों का वितरण और रिफिलिंग कार्य होते मिला जो निर्धारित नियमों और डीएम के आदेश के विपरीत था। इस पर एसडीएम ने एजेंसी कर्मियों को फटकार लगाई और दोनों गैस एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि गैस सिलिंडरों की आपूर्ति केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही की जाए। साथ ही गैस वितरण का दैनिक रोस्टर कार्यालय में प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने कहा कि गैस की कालाबाजारी करते पाए जाने पर पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

## हाईकोर्ट ने किया नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी की याचिका को निस्तारित

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में ऊधमसिंह नगर की सुल्तानपुर पट्टी में नगर पंचायत के सफ ाई कर्मचारियों की हड़ताल पर जाने के कारण नगर में फैली गंदगी को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने जनहित याचिका को नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी के द्वारा शपथपत्र के आधार पर निस्तारित कर दिया है।

नगर पंचायत की ओर से कोर्ट में पेश किए गए शपथपत्र में कहा गया कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए नगर पंचायत के अधिकारी और सफ ाई कर्मचारियों के बीच उनकी मांगों को लेकर बैठक हुई जिसमें से उनकी कई मांगो को नगर पंचायत ने स्वीकर कर लिया गया है। अब उनकी हड़ताल समाप्त हो चुकी है और क्षेत्र में फैली गंदगी की भी सफाई उनके द्वारा की जा चुकी है। कोर्ट इसी आधार जनहित याचिका को निस्तारित कर दिया ।

# जंगलों के बीच कूड़े के ढेर लगने से पर्यावरण दूषित

नैनीताल
हमारे संवाददाता

विभिन्न माध्यमों से वन विभाग तथा सरकार की ओर से पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर नगर तथा आस पास के जंगलों व दर्शनीय स्थलों को कूड़ा आदि से बचाने की गुजारिश की जा रही है लेकिन समाज के कई लोगों पर इस गुजारिश का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है, जिसकी वजह से वातावरण हर रोज प्रदूषित हो रहा है। बात हो रही है नैनीताल–कालाढूंगी रोड स्थित नारायणनगर क्षेत्र की नारायणनगर क्षेत्र में जंगलों के बीच कूड़े के ढेर लगने से स्थानीय पर्यावरण पर खतरा मंडरा रहा है। सड ?ों के किनारे तेजी से बढ़ रही दुकानों और कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोग खुले में ही कूड़ा फेंक रहे हैं नैनीताल में पर्यटन बढने के साथ कालाढूंगी रोड पर नारायण नगर क्षेत्र में सड ?ों के किनारे दुकानें भी बढ़ गई हैं। दुकानें खुलने व कूड़ा निस्तारण की सही व्यवस्था नहीं होने के चलते लोग सड? किनारे जंगलों



में कूड़ा फेंक रहे हैं। जिसके चलते जंगलों में लगातार कूड़ा फैल रहा है। प्लास्टिक तथा खाने पीने के पैकेट और अन्य कचरा सीधे जंगलों में डाला जा रहा है जिससे न केवल क्षेत्र की सुंदरता प्रभावित हो रही है बल्कि वन्यजीवों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। गर्मी के मौसम में यह कूड़ा आग लगने की घटनाओं को भी बढ़ावा दे सकता है। मामले में नैनीताल वन प्रभाग की एसडीओ



ममता चंद ने बताया कि क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण की समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है जल्द ही संबंधित विभागों के साथ मिलकर सफ ाई अभियान चलाया जाएगा और कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें और कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें।

# फिल्मी दुनिया

## कंगना से लेकर विवेक ओबेरॉय तक शामिल हुए ये सेलेब्स



*दिल्ली में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2026 का आयोजन किया गया, जिसमें इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े सितारे शामिल हुए।*

*दिल्ली में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2026 का आयोजन हुआ, जिसमें बॉलीवुड, साउथ समेत हॉलीवुड के भी कई बड़े सितारे शामिल हुए। इस बीच समारोह में लोक सभा एमपी और एक्ट्रेस कंगना रनौत, एक्टर विवेक ओबेरॉय, मनी हाइस्ट फेम एक्टर एनरिक आर्से, इंडियन फिल्ममेकर मधुर भंडारकर, एक्टर अरविंद स्वामी और एक्ट्रस ईशा दत्ता भी नजर आईं। एक्ट्रेस ईशा गुप्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने फेस्टिवल की थीम की भी तारीफ की और कहा, 'यह फेस्टिवल महिलाओं के सिनेमा में योगदान को सेलिब्रेट करता है। कंगना रनौत भी कार्यक्रम का हिस्सा बनीं। फिल्म फेस्टिवल को लेकर कंगना ने कहा कि भारतीय कलाकार लंबे समय से चाहते थे कि भारत में भी अमेरिका जैसे बड़े फिल्म फेस्टिवल हों, जहां उनकी फिल्मों को इंटरनेशनल लेवल पर पहचान मिल सके।*

### विवेक ओबेरॉय और एनरिक आर्से

*विवेक ओबेरॉय ने कहा कि ऐसा प्लेटफॉर्म युवाओं के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया, 'मुझे लगता है कि यह फेस्टिवल बहुत बड़ी सफलता होगी।' धुरंधर फिल्म को लेकर उन्होंने कहा, 'आदित्य धर और 'धुरंधर' टीम ने भारत की आवाज को दुनिया के सामने रखा है।*

*मनी हाइस्ट फेम एक्टर एनरिक आर्से ने कहा, 'मैं इस फेस्टिवल के पहले एडिशन में स्पेन का प्रतिनिधित्व करने के लिए आभारी हूं। मैं इस फेस्टिवल की सफलता की कामना करता हूं।*

# अतिक्रमण को लेकर सभी दस्तावेज संबंधित विभागीय अधिकारियों को दें: हाईकोर्ट

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार के जगजीतपुर तथा चमारिया सहित कई अन्य जगहों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों तथा सड़कों पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए याचिकाकर्ता से कहा है कि उनके पास अतिक्रमण होने को लेकर जो भी दस्तावेज हैं उनको संबन्धित विभाग के अधिकारियों को दें। अधिकारी उन दस्तावेजों की जांच के उपरांत जहां जहां अतिक्रमण हुआ उसे शीघ्र हटायें। मामले के अनुसार हरिद्वार जिले के ग्राम चमारिया निवासी हरीश चंद्र जोशी ने उच्च न्यायलय में जनहित याचिका दायर कर कहा है उनके ग्राम सहित हरिद्वार के जगजीतपुर सहित कई जगहों के सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर भारी संख्या में अतिक्रमण किया गया है जिसकी वजह आम लोगों को आने जाने की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए इन स्थानों से अतिक्रमण हटाने के आदेश प्रशासन को दिये जाय।

## स्मैक के साथ गिरफ्तार आरोपी की जमानत मंजूर की

**नैनीताल ।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष खटीमा में 280 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार एक आरोपी जमानत मंजूर कर ली है । मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हुई । मामले के अनुसार फ रवरी 2025 को खटीमा पुलिस ने आसिफ हुसैन को स्मैक तस्करी के आरोप में गिरफतार किया था हालांकि स्मैक आसिफ के बजाय उसके सह आरोपी के पास थी । इस मामले में आसिफ की पहली जमानत 14 जुलाई 2025 को खारिज हो गई थी । उसकी ओर से दायर दूसरी जमानत याचिका में बताया गया कि उसके खिलाफ चार्जशीट 25 सितंबर 2025 को पेश हो चुकी है किंतु अब तक एक भी गवाह का परीक्षण नहीं हुआ है ।

C M Y K

# आस्था

*मां महागौरी*

चैत्र नवरात्र की हार्दिक शुभकामनएं

-:पूजा विधि:-

- पूजा स्थान को गंगाजल से शुद्ध करें और मां महागौरी की मूर्ति/तस्वीर स्थापित करें।
- माता रानी को सफेद फूल (मोगरा), सफेद मिठाई, हलवा, पूरी और नारियल का भोग लगाएं।
- दीपक और कपूर से माता की आरती करें।
- 9 कन्याओं को देवी का रूप मानकर भोजन कराएं।

सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप 4

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

● हल्द्वानी ● गुरुवार ● 24 मार्च 2026





नवरात्र के आठवें दिन (महाष्टमी) मां दुर्गा के 8वें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाती है, जो शांति और ज्ञान की देवी हैं। 26 मार्च 2026 को मनाई जाने वाली महाष्टमी पर कन्या पूजन और महागौरी की पूजा से सभी पाप नष्ट होते हैं, सुख-समृद्धि आती है और वैवाहिक बाधाएं दूर होती हैं।

### -:पूजा के लाभ:-

माता महागौरी की पूजा से सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य और सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद मिलता है, वहीं कुंवारी कन्याओं को मनचाहा वर मिलता है। मां महागौरी की आराधना से अनजाने में हुए पाप और जीवन की नकारात्मकता दूर होती है।

# चैत्र नवरात्र के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा

हल्द्वानी

कार्यालय संवाददाता

नवरात्र में अष्टमी का दिन मां महागौरी को समर्पित होता है। इस दिन विधि-विधान से मां की पूजा करने से सभी कष्ट और पाप धुल जाते हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। मां की पूजा के बाद कन्या पूजन करने से मां का विशेष आशीर्वाद मिलता है।

चैत्र नवरात्र का आज आठवां दिन है। अष्टमी का दिन मां दुर्गा के 8वें स्वरूप मां महागौरी की पूजा के लिए समर्पित होता है। मां का रंग शंख, चंद्रमा और कुंद के फूल की तरह सफेद होने की वजह से महागौरी कहा जाता है। अष्टमी के दिन मां महागौरी की पूजा करने से सभी कष्ट और पाप धुल जाते हैं और सुख-समृद्धि की



प्राप्ति होती है। अष्टमी के दिन माता की पूजा के बाद कन्या पूजन का विधान है। इस दिन कन्याओं को भोजन कराकर उपहार और दक्षिणा देने से मां की विशेष कृपा प्राप्त होती है। आइए विस्तार से जानते हैं कि अष्टमी के दिन मां महागौरी की पूजा विधि , प्रिय भोग, मंत्र, और आरती। नवरात्रि के दिनों में नवदुर्गा को अलग-अलग वस्तुओं का भोग लगाया जाता है। मां महागौरी को नारियल से बनी मिठाइयां अत्यंत प्रिय हैं। अष्टमी की पूजा के बाद मां को नारियल से बनी चीजों का भोग लगाना अत्यंत शुभ माना जाता है। इसके अलावा मां को सूजी का हलवा और काले चने का प्रसाद भी अर्पित किया जाता है।

### पूजा के मुख्य बिंदु

**स्वरूप**-मां महागौरी का रंग पूर्णतः गौर (सफेद) है और वे श्वेत वस्त्र धारण करती हैं, जो पवित्रता का प्रतीक है।

**मंत्र**- देवी महागौर्यै नमः या श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।

**कन्या पूजन**- अष्टमी के दिन कन्याओं को देवी का रूप मानकर उन्हें भोजन (हलवा, पूरी, चने) कराया जाता है और उपहार दिए जाते हैं।

**महत्व**-माता महागौरी की कृपा से कठिन से कठिन काम पूरे होते हैं और मानसिक शांति मिलती है।

## News कॉर्नर

### संतोषजनक कार्य न होने की स्थिति में अतिथि शिक्षक सेवा विस्तार का दावा नहीं कर सकतेः हाईकोर्ट

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि संतोषजनक कार्य न होने की स्थिति में अतिथि शिक्षक सेवा विस्तार का दावा नहीं कर सकते। इस आधार पर मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने अल्मोड़ा विश्व विद्यालय के हिंदी विभाग में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्यरत प्रिया जोशी द्वारा दायर याचिका को योग्यता की कमी के आधार पर खारिज कर दिया। बता दें कि प्रिया जोशी ने हाईकोर्ट मांग की थी कि विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर (हिंदी) के पद पर नियमित चयन होने तक उनकी सेवाओं को अतिथि व्याखयाता के रूप में विस्तारित किया जाए। मामले के तथ्यों के अनुसार, याचिकाकर्ता को 5 मार्च 2024 के विज्ञापन के आधार पर अस्थायी रूप से अतिथि संकाय के रूप में नियुक्त किया।

## जनगणना 2027 के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत सर्किट हाउस, हल्द्वानी में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हुआ ।

जनगणना निदेशालय से आए मास्टर ट्रेनर कमल कर्नाटक एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. मुकेश नेगी द्वारा जनगणना संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य से जुड़े फील्ड ट्रेनर उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में उपस्थित फील्ड ट्रेनरों को जनगणना से संबंधित जानकारी दी गई इसके उपरांत सभी फील्ड ट्रेनरों को देवलामल्ला गांव में जाकर जनगणना आदि से संबंधित जानकारी दी।



प्रशिक्षण में जनगणना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।अंतिम दिन प्रशिक्षण में चार्ज अधिकारी ओखलकांडा हिमांशु जोशी, बेतालघाट बीसी जोशी सहित फील्ड ट्रेनर एवं संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नो पार्किंग बोर्ड के बावजूद सड़कों पर खड़े हो रहे वाहन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के तल्लीताल स्थित नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग पर सड़क को पार्किंग मुक्त बनाने के लिए पुलिस की ओर से लगाए गए नो पार्किंग बोर्डों का असर दिखाई नहीं दे रहा है। बोर्ड लगाए जाने के बावजूद लोग खुलेआम नियमों की अनदेखी करते हुए सड़क किनारे वाहन खड़े कर रहे हैं जिससे हर रोज यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

बता दें तल्लीताल-हल्द्वानी रोड पर लंबे समय से सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार पुलिस द्वारा कार्रवाई किए जाने के बाद भी लोग चोरी छिपे यहां वाहन पार्क कर देते हैं। इसी समस्या के समाधान के लिए पुलिस ने सड़क किनारे जगह.जगह नो पार्किंग के बोर्ड लगाए हैं ताकि लोग नियमों का पालन करें और सड़क पर अवैध पार्किंग न हो। इसके




बावजूद स्थिति में खास सुधार नहीं दिख रहा है। वाहन चालक लगातार बोर्डों को नजरअंदाज कर रहे हैं और वहीं अपने वाहन खड़े कर रहे हैं जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मामले में तल्लीताल कोतवाली के एसओ मनोज नयाल ने बताया कि नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ताकि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके।

## सतर्कताः देवीधूरा क्षेत्र में वन विभाग ने की कंट्रोल बर्निंग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आगामी फायर सीजन को देखते हुए वन विभाग ने संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में नैनीताल वन प्रभाग के तहत मनोरा वन रेंज के तहत पटवाडांगर इंटर कॉलेज के आसपास और समीपवर्ती देवीधूरा क्षेत्र में कंट्रोल बर्निंग का कार्य किया जा रहा है।

वन विभाग की टीम की ओर से सड? किनारे गिरे सूखे पत्ते, पिरूल और घास को नियंत्रित तरीके से जलाया जा रहा है ताकि गर्मियों के दौरान लगने वाली जंगल की आग को फैलने से रोका जा सके। विशेष रूप से सड़कों व स्कूल क्षेत्र के आसपास यह कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा हैए जिससे किसी भी संभावित खतरे से बचाव हो सके। वन विभाग ने नैनीताल-हल्द्वानी रोड को अति संवेदनशील क्षेत्र मानते हुए यहां लगातार निगरानी बनाए रखी है। क्षेत्र में लोगों की अधिक आवाजाही को देखते हुए विभाग की ओर से नियमित रूप से कंट्रोल बर्निंग की जा रही हैए ताकि आग लगने की आशंका को कम किया जा सके।

बुधवार को विभाग की टीम ने देवीधूरा क्षेत्र में सड़क किनारे सूखे पत्तों और पिरूल को जलाकर कंट्रोल बर्निंग की साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को फायर सीजन के प्रति जागरूक करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। नैनीताल वन प्रभाग की एसडीओ ममता चंद ने बताया कि पूरे क्षेत्र में लगातार नजर रखी जा रही है। संवेदनशील स्थानों पर सूखी वन सामग्री को हटाने और नियंत्रित तरीके से जलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को भी जंगल की आग से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है।



## अष्टमी पर कन्यापूजन कर भंडारे का आयोजन

हल्द्वानी। कोटकाली फाउंडेशन द्वारा नवरात्रि के पवन पर्व पर कल 26 मार्च अष्टमी के दिन कन्यापूजन कर भंडारे का आयोजन किया जायेगा। फाउंडेशन की अध्यक्ष दीप्ति चुफाल ने बताया की संगठन की सभी कार्यकर्ताओं द्वारा नवरात्री मे माता के व्रत रख समाज के सुख और शाँति की कामना की है और कल अष्टमी के पावन पर्व कन्या पूजन कर बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया जायेगा।

## पर्यटक बुलेट किराये पर लेकर रफू चक्कर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई की मांग**

- जीपीएस से गजरौला में मिली लोकेशन

नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में एक युवक से बाइक किराये पर लेकर पर्यटक के फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले में थाना तल्लीताल में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तल्लीताल निवासी अनीष कुमार ने शिकायत करते हुए बताया है कि उसने अपनी बाइक (हंटर बुलेट) संख्या यूके 04 टीबी -6949 रविवार को एक पर्यटक को दो दिन के लिए किराये पर दी थी।

पर्यटक ने 24 मार्च तक बाइक लौटाने का आश्वासन दिया था लेकिन तय समय बीतने के बाद भी वह बाइक लेकर नहीं लौटा। जब उसने पर्यटक के मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया तो फ ोन नहीं उठाया गया। इसके बाद बाइक में लगे जीपीएस की जांच करने पर उसकी लोकेशन गजरौला के पास मिली। वहीं पर्यटक की ओर से व्हाट्सएप पर भेजा गया आधार कार्ड भी डिलीट कर दिया गया। जिस पर उसको बाइक के चोरी होने का शक हुआ। तल्लीताल कोतवाली के एसओ मनोज नयाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर अक्षत बाजपाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गंगा में अवैध खनन मामला कोर्ट में चल रहा तो दूसरा दायर करने की क्या जरूरतः हाईकोर्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हो रहे अवैध खनन के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए याचिकाकर्ता से कहा है कि गंगा में अवैध खनन को लेकर मातृ सदन हरिद्वार की जनहित याचिका पर 2022 से कोर्ट सुनवाई कर रही है। जब एक मामला गंगा में अवैध खनन से जुड़ा कोर्ट में चल रहा है तो दूसरा मामला दायर करने की कया जरूरत है। अगर आपकी अवैध खनन से संबंधित शिकायत है तो आप



अपने को पहले से विचाराधीन जनहित याचिका में पक्षकार बनें और अपनी शिकायत उसमें कहें, इसलिए कोर्ट इस जनहित याचिका को निस्तारित करती है। बता दें बुधवार को इस मामले में हरिद्वार निवासी नाजिम की तरफ से जनहित याचिका दायर की गयी थी। मामले के अनुसार वर्ष 2022 में हरिद्वार मातृ सदन ने जनहित याचिका दायर कर कहा था कि हरिद्वार में रायवाला से भोगपुर के बीच गंगा नदी में नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है जिससे गंगा नदी के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया है। गंगा नदी में खनन करने वाले नेशनल मिशन कलीन गंगा को पलीता लगा रहे हैं। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की है कि गंगा नदी में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाई जाए ताकि गंगा नदी के अस्तित्व को बचाया जा सके। अब खनन कुंभ क्षेत्र में भी किया जा रहा है।

याचिकर्ता का यह भी कहना कि केंद्र सरकार ने गंगा नदी को बचाने के लिए एनएमसीजी बोर्ड गठित किया है। जिसका मुखय उद्देश्य गंगा को साफ करना व उसके अस्तित्व को बचाए रखना है। एनएमसीजी द्वारा राज्य सरकार को बार बार आदेश दिए गए कि यहां खनन कार्य नहीं किया जाय। उसके बाद में सरकार के द्वारा यहां खनन कार्य करवाया जा रहा है।